हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 सितंबर 2025

06 गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया ...



09 शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने उपवास रखकर प्रकट किया...





## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 से आयोजित

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 की नई तिथि घोषित कर दी है। पहले यह परीक्षा 5 जुलाई 2025 को प्रस्तावित थी। अब इसका आयोजन 9 सितंबर 2025 से होगा। मंडल ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी इन्हें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी के लिए आधार पंजीयन अनिवार्य है। परीक्षा में प्रवेश के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना जरूरी होगा।

### 8 से 20 तक हो सकेंगे गलतियों में सुधार

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने ई-प्रवेश प्रक्रिया 2025-26 में बड़ा बदलाव किया है। अब विद्यार्थी 8 से 20 सितम्बर के बीच अपना एडमिशन निरस्त कर सकेंगे। इस अवधि में विषय, पाठ्यक्रम या संकाय बदलने की सुविधा भी मिलेगी। कॉलेज ट्रांसफर और एडमिशन डेटा में हुई गलतियों को भी सुधारा जा सकेगा। विभाग ने साफ किया है कि इस दौरान नए एडमिशन नहीं होंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख रखी

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया।

### आज मनाया जाएगा स्वच्छ वायु दिवस

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय नील गगन के लिये स्वच्छ वायु दिवस 7 सितंबर के अवसर पर आयोजन किए जाने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स की बैठक आयोजित कर निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर तक संस्थाओं में सन्दर्भित विषय पर चिकित्सा अधिकारियों , स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ, ए.एन.एम, कम्युनिटी मोबिलाइजर, सी.एच.ओ, एम.पी.डब्ल्यू., बी. ई. ई. आदि का उन्मुखीकरण एवं प्रचार प्रसार की गतिविधियों आयोजित की जाएगी। समस्त स्थानीय संस्था प्रभारियो को शासकीय, अशासकीय, एनजीओ एवं आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों का उन्मुखीकरण किये जाने के निर्देश दिए गए। जिला एवं विकासखण्ड में पदस्थ कम्युनिटी मोबिलाईजर को शहरी एवं विकासखण्ड में आशा की बैठक में उपरोक्त विषय पर उन्मुखीकरण किया जाने के निर्देश दिए गए।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पपनास नदी में तीन बालक फिसले, दो को बचाया, एक की मौत

# अगले बरस तू जल्दी आ... जयकारों संग गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, देर रात तक झूमा सीहोर

टाउन हॉल के पास बने स्टॉप डैम, सीवन नदी घाट और अन्य जल स्रोतों पर देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का क्रम चलता रहा।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में 10 दिनों से चल रहे गणेश उत्सव का समापन शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। सुबह से ही पंडालों में हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा की महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने ₹गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया। पूरे शहर का वातावरण भक्ति और उमंग से सराबोर हो गया।

अनंत चतुर्दशी पर शहर में करीब 200 से अधिक स्थानों से प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान से की गई थी। शनिवार को दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं और समितियां के कार्यकलताओं में गाजे-बाजों के साथ चल समारोह निकाल कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। टाउन हॉल के पास बने स्टॉप डैम, सीवन नदी घाट और अन्य जल स्रोतों पर देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का क्रम चलता रहा। श्रद्धालु पूरी आस्था और भावनाओं के साथ भगवान गणेश को विदाई देने पहुंचे। नगर पालिका की ओर से घाटों पर क्रेन, नाव, गोताखोर और नगर सैनिकों की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं, नपा ने इस बार समय से पहले घाट निर्माण कर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा।

### झांकियों व अखाड़ों से सजी रात

शाम ढलते ही नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें मनमोहक झांकियों और अखाड़ों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं की टोली ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करती हुई विसर्जन जुलूस में शामिल रही। रात कोतवाली चौराहे से शुरू हुआ चल समारोह मेन रोड, लीसा टाकीज, तहसील चौराहा तक पहुंचा।

जगह-जगह बने मंचों से झांकियों और अखाड़ों का स्वागत किया गया। ग्रामीण अंचलों से आए हजारों महिला-पुरुष और बच्चे देर रात तक इन झांकियों का आनंद उठाते रहे।





### भक्ति-भावना में डूबी नगरी

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन ने पूरे नगर को भक्ति और उल्लास के साथ एक सूत्र में बांध दिया। छोटे-बड़े सभी पंडालों से निकली झांकियों ने माहौल को और भव्य बना दिया। श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के साथ सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। नगर पालिका की ओर से झांकियों और अखाड़ों को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की गई। हजारों की भीड़ के बावजूद प्रशासन की सख्त सुरक्षा और समुचित व्यवस्था के चलते आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य रहा।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पपनास नदी में तीन बालक फिसले, दो को बचाया, एक की मौत

#### खुशी से गम में बदला पर्व, बालक की मौत से गांव में छाया मातम



सीहोर जिले के आष्टा में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हराजखेड़ी गांव में तीन बच्चे पपनाश नदी में फिसलकर बह गए। चौकीदार मानसिंह ने दो को बचा लिया, लेकिन 10 वर्षीय बंटी की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक छा गया। प्रशासन ने सुरक्षा बरतने की अपील की है। सीहोर जिले के आष्टा क्षेत्र में अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन का माहौल उत्साह से भरा हुआ था। श्रद्धालु जयकारों और ढोल-ढमाकों के साथ प्रतिमा विसर्जन कर रहे थे। इसी बीच खुशियों के इस मौके पर ग्राम हराजखेड़ी से दुखद समाचार आया। यहां पपनाश नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन मासूम बालक नदी किनारे कीचड़ में फिसलकर पानी के तेज बहाव में बह गए। बताया जाता है कि मौके पर ड्यूटी पर तैनात ग्राम चौकीदार मानसिंह ने स्थिति को तुरंत समझा और साहसिक कदम उठाते हुए नदी में छलांग लगा दी। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना दो बच्चों को डूबने से बचा लिया। हालांकि तीसरे बालक को बचाया नहीं जा सका। ग्रामवासियों के अनुसार, चौकीदार ने पहले भी इन बच्चों को नदी के खतरनाक हिस्से से दूर रहने की समझाइश दी थी, लेकिन खेल-खेल में बच्चे दोबारा वहां पहुंच गए थे। इस हादसे में 10 वर्षीय बंटी पिता राजेश मालवीय की डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ विसर्जन देखने नदी किनारे पहुंचा था। परिवार में मातम का माहौल है और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीण लगातार नदी किनारे इकट्ठा होकर खोजबीन में जुटे हैं और बच्चे के परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि बालक के शव की तलाश ग्रामजन कर रहे हैं और एसडीईआरएफ सीहोर को तत्काल सूचित किया गया है। नदी में बच्चे के शव को ढूंढने के लिए टीम मौके पर भेजी गई है। प्रशासन ने अपील की है कि विसर्जन के समय बच्चों को नदी किनारे अकेला न छोड़ा जाए।

**एक बार भगाने के बाद फिर आ गए :** ग्राम चौकीदार द्वारा बच्चों को पहले भी नदी किनारे से भगाया गया था। इसके बावजूद बच्चे फिर से नदी की ओर चले गए। यह हादसा एक बड़ी चेतावनी है कि धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्ती से लागू करना ज़रूरी है, खासकर जब छोटे बच्चे शामिल हों। गणेश प्रतिमा विसर्जन का उत्सव आनंद और श्रद्धा का प्रतीक होता है, लेकिन आष्टा की यह घटना बताती है कि लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। मासूम बंटी की मौत ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है।

### टाउन हॉल स्थित विसर्जन कुंड का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नाव में बैठकर लिया जायजा

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के बस स्टैंड के पास टाउन हाल स्थित विसर्जन घाट तैयार किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु ढोल-बाजे के साथ भगवान को विधि-विधान से विसर्जन कर रहे है। सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर अमले के साथ पहुंचे और यहां पर भव्य प्रतिभाओं को उठाने के लिए क्रेन आदि की व्यवस्था कराई। अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही अलग-अलग जल स्रोतों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। प्रशासन ने सभी विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यहां लाइफ जैकेट पहने कर्मचारी, नाव और गोताखोर तैनात हैं। श्रद्धालु नाव से बैठकर प्रतिमाओं का विसर्जन कर रहे हैं। पिछले 10 दिनों से जिलेभर में गणेश उत्सव की रौनक रही। प्राचीन गणेश मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इसके अलावा सैकड़ों पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, जहां सुबह-शाम की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अनंत चतुर्दशी पर सभी पंडालों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालु प्रतिमा विसर्जन के लिए सीवन नदी घाट, टाउन हॉल के पास बने स्टॉप डैम और अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं। यहां भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं।



### आज किया जाएगा भागवत विराम, सुबह आठ बजे से कथा आरंभ होगी

# स्नेह की भावना रहेगी तो किसी प्रकार द्वेष की भावना भी पैदा नहीं होगी : पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**सीहोर।** माखन चोरी कोई साधारण प्रसंग नहीं था, बल्कि यह कंस के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ प्रतीकात्मक विद्रोह था। लेकिन समय के साथ इस शब्द को गलत रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भगवान धरती पर चोरी करने नहीं आते वो तो अधर्म का नाश करने के लिए आते है। भगवान अपनी इस लीला के जरिए भक्तों के भाव ग्रहण किया। हम जिससे प्रेम करते हैं, हमारा स्वरूप व व्यक्तित्व वैसा ही बन जाता है। सभी के प्रति सम्मान स्नेह रखने से आप धैर्य का जीवन जी सकते हैं। क्योंकि स्नेह की भावना रहेगी तो किसी प्रकार द्वेष की भावना भी पैदा नहीं होगी। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।



**हम शंकर के हो जाएं और शंकर हमारे हो जाएं :** कर्म तो भोगना ही पड़ेगा। दो कारण से मानव शरीर मिला है। हम शंकर के हो जाएं और शंकर हमारे हो जाएं। जिनका मन शुद्ध और पवित्र है उन्हीं को परमात्मा की प्राप्ति होती है। निर्मल मन से ही ईश्वर की अनुभूति की जा सकती है। ईश्वर को प्रेम चाहिए वह निश्छल प्रेम के भूखे हैं। कोई व्यक्ति ईश्वर के प्रति यदि छल कपट अथवा क्षुद्र मन रखकर उसे प्राप्त करना चाहता है तो यह कदापि संभव नहीं है। भगवान की प्राप्ति के लिए मन से कपट निकालकर भक्ति करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों तो कथा का श्रवण करने के लिए अंदर बैठे हुए है, लेकिन भवन के बाहर सड$क, ओटले, गली, दुकानो और घरों में बैठे हुए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मात्र माइक की आवाज को केन्द्र में रखते हुए भगवान पर विश्वास कर भक्ति में मग्र है। इसको भक्ति की चरम सीमा कहते है। ईश्वर के नाम का ध्यान करने के लिए जहां पर भी स्थान मिले उसको ग्रहण करना चाहिए। कथा स्थल पर ही विठलेश सेवा समिति की नगर ईकाई के द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अन्य समाजसेवी भी अपनी ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को चाय, नश्ते, पेयजल आदि की व्यवस्था कर रहे है।

# खेत में फिर से दिखा मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



एक बार फिर से नगर के रहवासी क्षेत्र में शनिवार दोपहर लगभग एक बजे वीआईपी कालोनी से लगे खेत में मगरमच्छ होने की खबर से लोगों में दहशत पैदा हो गई मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर फॉरेस्ट एसडीओ सुकृति ओसवाल को सूचना दी गई जिस पर उन्होंने रेंज ऑफिसर को निर्देश देकर वन अमले को तैनात कर निगरानी रखने की बात कही है।

उल्लेखनीय है कि पुर्व में नगर के बुधनी घाट रोड स्थित वीआईपी कालोनी से लगे खेत में बारिश का पानी भरा हुआ है जिसमें कुछ समय पुर्व मगर को देखा गया था जिसकी सुचना वन विभाग को दी गई थी वन विभाग की टीम ने लगातार मगर को खोजने का प्रयास किया किंतु मगर को पकड़ने में सफलता नहीं मिली दो तीन दिन तक मगर ने लोगों को काफी छकाया था इस दौरान बाइक सवार युवक सड़क पार कर रही मगर को देखकर गिर गया और चोटिल हो गया था वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थीं तब मगर को पकड़ा नहीं जा सका इसके बाद वन विभाग ने आसपास के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। शनिवार को एक बार फिर खेत में मगर देखी गई जिससे लोगों में दहशत पैदा हो गई लोगों ने वन विभाग से मगर को पकड़ने की बात कही है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बुधनी घाट रोड पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है साथ ही रात के समय अक्सर महिलाएं और बच्चे घूमने निकलते हैं इस स्थिति में मगर होने पर लोगों में भय का माहौल है और स्थानीय रहवासियों ने वन विभाग से मगर को पकड़ने की बात कही है। इस मामले में फारेस्ट ऑफिसर राजित द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को खेत में मगर होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मचारियों को निगरानी रखने का कहा गया है जल्द ही मगर को पकड़ लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### फिजियोथेरेपी कैंप का होगा आयोजन कल

**सीहोर।** फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से जिला चिकित्सालय सीहोर के डीईआईसी भवन में फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस फिजियोथैरेपी कैंप में जिले के सभी नागरिक शामिल हो सकते हैं और स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### तिरूपति यात्रा के लिए आवेदन 12 तक मांगे

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे एवं आवेदनों की सूची कलेक्ट्रेट कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करावें।

### इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** राज्य में मप्र कौशल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय (WSI) चैरिटी द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता "ओलंपिक के समान" का आयोजन किया जाता है। आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में होना निर्धारित है। इस अन्तर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा एवं द्वितीय स्तर पर नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु SIDH पोर्टल पर 30 तक पंजीयन कर सकते है।

### सप्तशक्ति संगम कार्यशाला का हुआ समापन

**सीहोर।**सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम की तैयारी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इस अवसर पर प्रांत संयोजक नीता गोस्वामी ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जिले की मातृ शक्ति ने भागीदारी निभाई। संगम को सफल बनाने आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ विभाग के विभाग समन्वयक गुरु चरण की गौड़ और सरस्वती ज्ञान दायिनी विद्या मंडल समिति के सचिव अनिल पालीवाल शोभा चांडक भी उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ के जयघोष के साथ दी विदाई, पुलिस और प्रशासन ने संभाली व्यवस्था

# गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया जयकारों के साथ भक्तों ने किया श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

पंडालों में हवन पूजन कर आहूति दी,भंडारे का आयोजन हुआ, डोल नगाड़ों जुलूस के साथ गणेश उत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा








अनन्त चतुर्दशी पर गणेश उत्सव हुआ समापन। शनिवार की सुबह से ही गणेश बिसर्जन की तैयारियां को लेकर पंडालों में हवन पूजन, भंडारे का आयोजन हुआ। गणेश पंडालों में भक्तों ने हवन कुण्ड में आहुतियां छोड़कर पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में कन्यभोज के साथ ही बड़ी संख्या में मातृशक्तिया ,श्रद्धालुओं ने भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। डोल नगाड़ों के साथ जुलूस में निकाला अबीर गुलाल लगाकर श्रद्धालु भक्तों ने नाचते गाते बप्पा को दी विदाई।

### गणपति बप्पा को भक्तजनों ने नम आंखों से दी विदाई, जल्दी आने की अर्ज भी लगाई

गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया.. के जयकारे के साथ शनिवार को शहर के पंडालों से भगवान गणेश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शास्त्री कॉलोनी के बिराजमान लालबाग के राजा की शोभा यात्रा शास्त्री कॉलोनी से शुरु हुई इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्तिया भक्तों ने नगर के मुख्य मार्गो से होते भक्त गाजे , बाजे की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। नांदगांव स्थित अम्बर नदी , नीलकंठ, गोपालपुर, छीपानेर, पड़ागांव सीप नदी, घोघरा डेम, सहित चिन्हित स्थानों पर पहुंचे जहां पर भक्तों ने नम आंखों से भगवान को विदाई दी और भगवान की प्रतिमा को कुण्ड में विसर्जित किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन की टीम तैनात रही।

**बप्पा की विदाई में उड़ा गुलाल, अबीर, थिरके श्रद्धालु भक्त :** गणेश पंडालों में हवन पूजन साथ घरों में विराजे बप्पा की विदाई में नगर में शनिवार को जमकर गुलाल उड़ा। गाजे बाजों की धुनों पर थिरकते भक्तों ने जगह-जगह अबीर,गुलाल वर्षा के बीच भव्य शोभायात्रा निकाल कर नम आंखों से गौरी पुत्र गणेश को विदाई दी। इस दौरान विसर्जन स्थानों पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष गूंजते रहे। विसर्जन के लिए भक्तगण गणेश प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्राली अन्य वाहनों में सजाकर झूमते नाचते शोभायात्रा के साथ नदी के घाटों पर पहुंचे। शहर में दस दिनों से चल रहे पूजन अर्चन के बाद शनिवार को गौरी पुत्र को नम आंखों के साथ भक्तों ने विदाई दी। विसर्जन से पूर्व धूप दीप से उनका पूजन कर मोदक का भोग लगाया गया। इसके बाद आतिशबाजी गाजे बाजे के बीच धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई।

नांदगांव स्थित अम्बर नदी घाट पर पहुंची शोभायात्रा के बाद गौरीनंदन का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच भगवान श्री गणेश कीविधिवत पूजा अर्चना आरती के साथ मूर्तियों का विसर्जन किया। भक्तों ने नम आँखों से बप्पा को अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना करते हुए विदा किया और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए।

विसर्जन स्थलों पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया नपा प्रशासन ग्राम पंचायत द्वारा नांदगांव स्थित अम्बर नदी पर अलग अलग दो कुण्ड बनाए गए। गणेश मूर्तियों का बिसर्जन के लिए व्यवस्था बनाई गई। गणेश मूर्तियों की पूजा अर्चना करने स्टेज बनाया गया, सभी श्रद्धालुओं भक्तगणों ने विधिवत पूजा अर्चना आरती के साथ प्रतिमाएं विसर्जन की गई। इस अवसर पर राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन नपा अमला सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं बड़ी गणेश मूर्तियों का बिसर्जन करने क्रेन मशीन की व्यवस्था की गई। सभी श्रद्धालुओं भक्तगणों से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीगणेश को बिदाई दी।

### प्रशासन, नपा अमला पुलिस प्रशासन की तैनाती में विसर्जन कार्य सम्पन्न हुआ




अनन्त चतुर्दशी पर गणेश बिसर्जन कार्यक्रम नांदगांव स्थित अम्बर नदी पर नगर परिषद् द्वारा कुण्ड तैयार कर व्यवस्था की गई थी इस अवसर पर एसडीएम सुधीर कुशवाहा, तहसीलदार संदीप गौर, नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर, सीएमओ राम प्रसाद भावरे, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाएं विसर्जन कार्य सम्पन्न हुआ।

### प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन रहे मुस्तैद




बुधनी।अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा एसडीएम डीएस तोमर एवं एसडीओपी रवि शर्मा ने बुधनी सहित शाहगंज थाना क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर पहुंच कर गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विसर्जन करने वाले श्रद्धालुओं को हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्दशी के अवसर पर बड़ी संख्या में राजधानी सहित आसपास के जिले और स्थानीय स्तर पर श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने नर्मदा तटों पर पहुंचते हैं लगातार हो रही बारिश के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है वही एनजीटी के निर्देश अनुसार नर्मदा नदी में प्रतिमाओं के विसर्जन पर इस बार कड़ाई से प्रतिबंध लगाया गया है वही आस्था को ध्यान में रखकर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नर्मदा घाटों से हटकर कृत्रिम कुंड बनाए गए हैं जहां समितियां को पूर्व से ही कृत्रिम कुंड में मूर्तियों के विसर्जन की अपील भी की गई है बांद्राभान घाट पर एसडीएम डीएस तोमर एवं एसडीओपी रवि शर्मा ने नविको को सख्त हिदायत दी कि किसी भी स्थिति में प्रतिमा विसर्जन के लिए नाव को नदी में नहीं ले जाना है सभी नर्मदा घाटों पर प्रशासन द्वारा टीम तैनात की गई इस दौरान अधिकारियों ने शाहगंज घाट का भी निरीक्षण किया इस मौके पर शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान सीएमओ रामानुज मिश्रा सहित पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।

## शिक्षक दिवस पर दर्शन एकेडमी में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम




**सीहोर।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर सीहोर स्थित दर्शन एकेडमी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इस अवसर पर ब्लू वर्ल्ड स्कूल सीहोर के संस्थापक बंसत दासवानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरणादायक बातें बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न नृत्य, गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का सम्मान करते हुए विद्यार्थियों ने उन्हें उपहार भेंट किए। साथ ही, उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर दर्शन एकेडमी के डायरेक्टर ऋषि मीणा एवं ओमप्रकाश मेवाड़ा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि शिक्षक दिवस प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी कर सकेंगे नए बिजली कनेक्शन का आवेदन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है और बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी 25 के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेषक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.ऑलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है जिसके अनुसार अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन आसानी से मिलेगा। इसके अतिरिक्त गैर कृषि उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी, पीएम सीएम किसान सम्मान निधि लाभार्थी का सत्यापन तथा पूर्व से विद्यमान कनेक्शन में भार वृद्धि, नाम परिवर्तन इत्यादि की सुविधा भी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से मिलने लगेगी।

## शिक्षक दिवस सम्मान समारोह संपन्न




**सीहोर।** शनिवार को स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर में जिले के वरिष्ठ शिक्षकों का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम संचालक हरीश राठौर एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

संचालक श्री राठौर द्वारा शिक्षकों के सम्मान समारोह में उपस्थित होने पर सभी शिक्षकों का स्वागत किया। इसके पश्चात समस्त सम्मानित शिक्षकों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र देशमुख द्वारा शिक्षकों के जीवन पर सुन्दर कविता द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में डॉ. राजेन्द्र देशमुख, अशीष शर्मा (गुरू), मांगीलाल ठाकुर, प्रदीप नागिया, डॉ. रश्मि मालवीय, प्रतिभा यादव, रजनी श्रीवास्तव, हेमेंद्र सिंह तोमर, क्षमा तिवारी, श्वेता साहू, गौरव माथुर, राहुल परदेसी, कविता सागर, अरविंद पाण्डेय, रूचि शाह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार किया व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. नितिका माहेश्वरी द्वारा किया गया।

## शिक्षक दिवस पर सेवा भारती ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**भैरुंदा।** सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर नगर भैरुंदा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवा भारती नगर भैरूंदा में संचालित चारों संस्कार केन्द्र की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा ने सेवा भारती के कार्यों को बताया और कहा कि आप सभी के द्वारा हमारे सेवा भारती के संस्कार केंद्रों पर बच्चों को राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कार से शिक्षित किया जा रहा है। समाज के वंचित अभावग्रस्त पिछडे बच्चों को विद्यादान कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर हमारे अतिथि गुरु प्रसाद शर्मा, सेवा भारती नगर भैरुंदा अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा,सचिव राकेश वर्मा ,उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी सह कोषाध्यक्ष, रानी पारस वर्मा ,डॉक्टर योगेंद्र यादव , अरुण यादव , पूजा वैरागी, बब्ली शर्मा, ऋषिका श्रोती, पायल खरे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**
आपका अपना बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल नाका सीहोर (म.प्र.) दूरभाषः 07562—224247

**कब्जा नोटिस (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति - हित प्रवर्तन नियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है I
अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपठित उक्त ( 8 ) एवं ( 9 ) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा दिनांक 02.09.2025 को प्राप्त कर अधिग्रहण कर लिया गया है। ऋणग्रहिता को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को सावधान किया जाता है कि एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा सीहोर मण्डी के अध्याधीन होगा।

संपत्ति विवरणः—

| ऋणी खाते का नाम/संपत्ति का मालिक एवं जमानतदार | आधिपत्य में ली गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र तिथि 14.05.2025 |
|---|---|---|
| **संपत्ति मालिक–**<br>**1. श्री संतोष गुप्ता पिता श्री राममरोस गुप्ता**<br>निवासी संजय नगर, जीन रोड़ गल्ला मण्डी, सीहोर (म.प्र.)<br>**जमानतदार :–**<br>**श्री मोहन पिता श्री गुरूदयाल**<br>निवासी ग्राम शेरपुर, पोस्ट बलियाखेड़ी, जिला सीहोर (म.प्र.) | निम्नलिखित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति के रुप में बैंक का प्रभार सृजित किया है।<br>श्री संतोष गुप्ता पिता श्री रामभरोस गुप्ता का एक किता \| डायवर्टेड प्लाट / भवन जिसका भूमि खसरा क्रमांक एवं 487/1/2, 488/2, 489/3/2, 657/487/2 का भाग 800 वर्गफिट यानी 74.35 वर्गमीटर स्थित ग्राम बिजोरी तहसील व जिला सीहोर में स्थित है। जिसकी चर्तुःसीमायें इस प्रकार हैः-<br>**हक विलेख अनुसार–** पूर्व में : कान्ता प्रसाद का भूखण्ड, पश्चिम मेंः 16 फिट का रास्ता, उत्तर मेंः विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण मेंः 25 फिट का रास्ता | खाता क्र. 03547571000005 राशि 3,39,291.47 एवं 01/05/2025 से ब्याज + अन्य व्यय |

संवैधानिक चेतावनीः- ऋण ग्रहिता इसे 30 दिन का बिक्री पूर्व नोटिस समझे। यदि 30 दिन के अंदर खाता बंद नहीं होता है तो संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

**स्थान सीहोर मंडी, दिनांक : 06.09.2025** **प्राधिकृत अधिकारी**

विद्यार्थियों ने इस मौके पर गीत, नृत्य, अभिनय, भाषण की प्रस्तुति दी

# एक शिक्षक का प्रभाव कभी समाप्त नहीं होता : डॉ. बीना जे. कुरियन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था डिजायर टू लर्न के संस्थापक व निदेशक सागर गुप्ता रहे, जोकि विद्यालय के पूर्व छात्र हैं तथा वर्तमान में लाखों छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई। मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए बैच लगाया।

इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत, नृत्य, अभिनय, भाषण और समूह गान, फैंसी ड्रेस आदि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शिक्षकों का मन मोह लिया। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर रैम्प वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि एक शिक्षक का प्रभाव कभी समाप्त नहीं होता। हम जो मूल्य और शिक्षा अपने छात्रों को देते हैं एवं उनके जीवनभर के साथी बनते हैं।

मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं गर्व महसूस करता हूं कि मैं इस प्रतिष्ठित विद्यालय का छात्र रहा हूं। आज मैं जो भी हूं वो बीना मेम व जॉली सर की वजह से ही हूं। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने मुख्य अतिथि सागर गुप्ता को सम्मानित करते हुए एक स्मृतिचिह्न भेंट किया साथ ही सभी शिक्षकगणों व स्टाफ को उपहार प्रदान कर बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### गोताखोर और क्रेन की मदद से गाड़ी निकाली, राज्यमंत्री पहुंचे घटना स्थल

# कार समेत कालीसिंध नदी में गिरा जनपद सदस्य का बेटा, तलाश जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भाजपा नेता और सारंगपुर जनपद सदस्य ट्रांसपोर्टर का बेटा कार समेत कालीसिंध नदी में गिर गया। गोताखोरों और क्रेन की मदद से गाड़ी को तो निकाल लिया गया है, लेकिन युवक की तलाश की जा रही है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे सारंगपुर पुराने एबी रोड कालीसिंध नदी के पुल पर हुआ। पुलिस ने कार नंबर एमपी -04-कैसी- 3378 से पता करवाया। पता चला कि कार संडावता निवासी जनपद पंचायत सदस्य महेश सोनी की है।

परिजनों के मुताबिक महेश सोनी का 26 वर्षीय बेटा विशाल सोनी सुबह घर से सारंगपुर के समीप किसी ढाबे पर पैसे लेने निकला था। महेश पेशे से ट्रांसपोर्टर हैं। इसी सिलसिले में विशाल सारंगपुर के पास किसी ढाबे पर गाड़ी में रुपए लेने जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। टीआई आकांशा हाड़ा ने बताया की पुलिस टीम नदी में युवक को तलाश कर रही है। वहीं सूचना मिलते ही राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी मौके पर पहुंचे और जनपद सदस्य महेश सोनी को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

#### गोताखोरों और क्रेन की मदद से कार निकाली

सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह,थाना प्रभारी आकांशा हाड़ा, एसआई अमित त्यागी,एएसआई आनंदीलाल भिलाला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से कार को किनारे तक लाया गया। फिर क्रेन की सहायता से कार को नदी से बाहर निकाला गया। आधे घंटे में कार को बाहर निकाल लिया। कार में मिले दस्तावेजों के आधार पर थाना प्रभारी ने फोन कर महेश सोनी संडावता को सूचना दी।

#### 4 घंटे बाद भी नहीं मिला युवक का कोई सुराग

सूचना मिलते ही पुलिस व गोताखोरों की टीम कालीसिंध नहीं पहुंची जहां पर 26 वर्षीय विशाल की तलाश करना शुरू किया शुरूआत में बारिश की बजह से नदी के पानी का स्तर बढा हुआ होने के कारण परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक यंवक का काई पता नहीं चला था राम में भी तलाश जारी रखने की बात प्रशासन कह रहा है।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं ये शिक्षक

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने उपवास रखकर प्रकट किया अपना विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो एनपीएस, नो यूपीएस की मांग पर अड़े रहकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रकट किया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने उपवास रखते हुए शासन की उपेक्षा के प्रति अपना रोष जाहिर किया।

संगठन के प्रांतीय आह्वान पर स्थानीय मंगल भवन में संगठन जिलाध्यक्ष रामबाबू भिलाला सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जाहिर किया। इस दौरान आजाद अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष रमेश मालवीय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष दौलत वर्मा, महेश वर्मा अक्षर, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष कमलेश साहू सहित अन्य संगठनों ने अपना समर्थन देकर शासन, प्रशासन से पुरानी पेंशन योजना पुनः आरंभ करवाने की मांग रखी। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम जिलाध्यक्ष भिलाला ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए क्योंकि वो शिक्षकों के बुढ़ापे का सहारा है।

#### सेवानिवृत्त साथियों को न के बराबर मिल रही पेंशन

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जो हमारे शिक्षक साथी सेवानिवृतत हो रहे रहे हैं उन्हें डेढ़ हजार से ढाई हजार पेंशन दी जा रही है जो देश में दिनों दिन बढ़ रही महंगाई के हिसाब से न के बराबर है। इतनी राशि में किसी के परिवार का गुजारा नहीं हो सकता। ऐसे में हम प्रदेश के लाखों शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए अपनी प्रमुख मांग पर अड़े हुए हैं।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने घटना पर रोष जताया

# फिर दिखा जुलूस में फिलिस्तीन प्रेम ब्यावरा सदर बोले - हम सिर्फ भारतीय



#### पुलिस ने हटवाए स्टीकर, दी समझाइश- जुलूस का माहौल न बिगाड़े

**ब्यावरा।** धार्मिक पर्व ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर शहर में मुस्लिम समाज द्वारा निकाले जा रहे जुलूस के दौरान युवाओं के सीने पर फिलिस्तीन सेव करने के स्टीकर दिखाई दिए जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वह स्टीकर निकाले और युवाओं से इससे दूरी बनाने की हिदायत दी। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए स्टीकर बांटने वालों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस का सहयोग करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीन प्रेम को लेकर पूर्व में भी राजगढ़ के एक जुलूस के दौरान में फिलिस्तीन झंडे लहराने की बात सामने आई थी तब भी यह चर्चा का विषय रहा और आज फिर इस तरह की घटना की पुर्नरावृत्ति होना कहीं न कहीं मामले की संवेदनशीलता को बढाती है इसकी जांच होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई करने की बात कहीं है ।

#### इनका कहना है...

इस तरह की घटना जिन शरारती तत्वों ने की है कानून उन पर अपना काम करेगा। हमारा उनसे कोई नाता नहीं, हमें भारतीय होने पर गर्व है।

**इकबाल हुसैन,** सदर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन ब्यावरा

# खाद और बिजली की समस्य को लेकर धतुरिया चौराहे पर किसानों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार को किसानों ने सागर रोड धतुरिया चौराह पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता और मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि विदिशा का किसान खाद, बीज, बिजली, पानी, बीमा सर्वे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। धतुरिया के पूर्व सरपंच सुंदर सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में किसान खाद बिजली की समस्या से जूझ रहा है और प्रशासन शासन मौन होकर देख रहा है।

अहमदपुर के पूर्व सरपंच उमराव सिंह कुशवाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ हमेशा अन्याय किया है। सिर्फ ढोलखेड़ी का विकास हुआ है और कहीं नहीं। प्रदर्शन को अन्य किसान रामसेवक मीणा, नरेंद्र सिंह दांगी, बाबूलाल लोधी, लखन सिंह मीणा, संतोष रघुवंशी, राजकुमार पासी, अरुण अवस्थी ने संबोधित करते हुए सरकार की नीतियों और कार्य प्रणाली को किसान विरोधी बताया। किसानों द्वारा धतुरिया चौराह सागर रोड पर विरोध प्रदर्शन करने पर तहसीलदार और सिविल लाइन टीआई मौके पर पहुंचे और किसानों से पांच सूत्री मांग लेकर प्रदर्शन को खत्म कराया। इस दौरान पोप सिंह दांगी, चैन सिंह दांगी, सरदार सिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, बृजेंद्र दांगी आदि मौजूद रहे।

### लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजे गए नमूने

# बगैर लायसेंस संचालित हो रहे दुग्ध केंद्र से लिए दूध के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में नकली दूध का काला कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। राजगढ़ के करेड़ी, खुजनेर क्षेत्र में पूर्व में मिलावटी सामग्री, कैमिकल, पॉमोलिव ऑईल मिलाकर दूध बनाकर बेचने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आमजन की सेहत से सीधे-सीधे खिलवाड़ के इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा लगातार जिले में कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री के नेतृत्व में गुरुवार को मलावर क्षेत्र स्थित दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित, खानपुरा पहुंचकर निरीक्षण की कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार विनय एवं पुलिस बल की मौजूदगी में हुए इस निरीक्षण के दौरान उक्त समिति के पास दुग्ध व्यापार करने संबंधी किसी तरह का कोई लायसेंस नहीं मिला। इसके साथ ही मौके पर 2 हजार लीटर क्षमता का बीएमसी टैंक लगा पाया गया। टीम द्वारा मौके से दूध के सैंपल लेकर उन्हें भोपाल लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खत्री ने बताया कि सैंपल रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# धर्म हमें सिखाता एकजुटता से रहना परिवार में : पं. मुरलीधर व्यास



**छापीहेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम स सिकंदरी श्री राम मंदिर प्रांगण में हो रही सप्त दिवस श्रीमद् भागवत के दूसरे दिन कथा में धर्म और सत्संग की महत्व पर प्रकाश डाला। कथा वाचक पंडित मुरलीधर व्यास ने कहा की भगवान आशुतोष शिव जी के परिवार को देखकर संसारी मनुष्य को ज्ञान लेना चाहिए कि हम परिवार में एक जुट होकर रहे भगवान शिव बेल पर बैठते हैं माता पार्वती शेर की सवारी करती और शिव के बड़े पुत्र स्वामी कार्तिकेय मोर पर बैठते हैं। शंकर जी के गले में सर्प का हार पहनते हैं पर दोनों एक साथ रहते हैं भगवान शिव जी का दुनिया को संदेश है की एक जुट होकर रहना चाहिए। पंडित मुरलीधर व्यास ने ग्राम सिकंदरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा दूसरे दिवस भगवान शिव जी के विवाह की कथा में जनमानस को श्रवण कराई ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया पटेल साहब लक्ष्मी नारायण पटेल भारत सिंह सिद्धनाथ बडाघर वाले और कार्यकर्ता राधेश्याम नागर पूर्व सरपंच बंसीलाल नागर देव सिंह पंडा समिति सदस्यों ने बताया की कथा का समापन 9 सितंबर को होगा जिसमें पूर्णाहुति के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामवासी सत्संग का आनंद ले रहे हैं।

# शिक्षक दिवस पर किया गुरुजनों का सम्मान



**खिलचीपुर।** प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु देवनारायण लोक कल्याण शिक्षा समिति एनजीओ द्वारा संचालित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय परिवार ने शुक्रवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। हमारे जीवन को उच्चतम शिखर तक पहुँचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने वाले शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। शिक्षक वह है जो हमें जीवन में उपयोग में आने वाली व्यवहारिक चीजों की शिक्षा देता है। सबसे बड़े और प्रथम शिक्षक तो माँ-बाप होते हैं। सिखाने के बदले में शिक्षक कोई आर्थिक लाभ नहीं देखता, सिर्फ सम्मान की अपेक्षा रखता है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि जीवन के मूल्यों, अनुशासन और सपनों को साकार करने की प्रेरणा भी देते हैं। वे हमारे भविष्य के शिल्पकार हैं, जो अथक परिश्रम से समाज को बेहतर बनाते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला यह दिन हमें उनके आदर्शों और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद दिलाता है। आइए, इस शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और योगदान को सम्मान दें। आज इस कड़ी मे ब्राह्मण समाज के गौरव शिक्षाविद अनिल कुमार द्विवेदी विप्र श्रेष्ठ शिक्षाविद गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक गुरु, सेवा रत्न, समाज भूषण, समाज शिरोमणि, गौतम रत्न की उपाधि से सम्मानित सामजिक क्षेत्र में कुशल अनुभव समाज को दिशा प्रदान करने वाले अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा के जन्मदिवस पर विद्यालय परिवार सरस्वती ज्ञान मंदिर के संस्था संचालक देवेन्द्र कुमार शर्मा एवं शोभा शर्मा विद्यालय प्राचार्य कुमारी दिव्यांशी शर्मा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनके घर जाकर सम्मान किया।

# शिक्षक सम्मान समारोह किया आयोजित




**माचलपुर।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर ने की कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोहन नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद भोपाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन ओर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया, इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षको का सम्मान शाल श्रीफल भेट कर विद्यालय समिति द्वारा किया गया। स्वागत संबोधन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल खंडेलवाल ने दिया इस अवसर विधायक दांगी ने जीवन में शिक्षकों का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षक का बड़ा महत्व है,हमारे जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते है उन्होंने विद्यालय के लिए अपनी निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद मोहन नागर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि आज हमारे गुरू के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व व्यास पूर्णिमा है पर आधुनिक रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है शासकीय रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है और इन शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। अतिथियों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक शिक्षिकाओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की शिक्षिकाओं और प्राचार्य लक्ष्मीनारायण पंवार द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में विशेष रूप से मनीष अग्रवाल,रामगोपाल गुप्ता,रमेशचंद्र बंसल, गिरिराज मोदी, मोहन सिंह पंवार दीपक दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह उमठ ने व्यक्त किया।

### वाटर लेवल मेंटेन करने खोले गए डैम के गेट

# कुंडालिया बांध के 8 तो मोहनपुरा डैम के 4 गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र में बारिश का दौर अनवरत रूप से जारी है। कभी-कभी रुक-रुककर तो कभी मूसलाधार रूप से हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के समस्त तालाब, बांध सहित अन्य जलस्त्रोत पूरी तरह लबालब हो चुके हैं। ऐसे में बांधों का वाटर लेवल मेन्टेन करने शुक्रवार को बांध प्रबंधन ईकाई द्वारा कुंडालिया बांध के 8 एवं मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोल दिए गए।

उल्लेखनीय है इस वर्ष अभी तक क्षेत्र में औसत से भी कहीं अधिक बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। जिले की कुल औसत वर्षा 1100 मिमी के मुकाबले अभी तक 1302 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक सिर्फ 981 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।

#### जिले में ब्लॉकवार अब तक हुई बारिश

(बारिश के आंकड़े मिलीमीटर में)

| वर्षामापी केंद्र | दर्ज बारिश |
|---|---|
| जीरापुर | 1265.0 |
| खिलचीपुर | 1321.0 |
| राजगढ़ | 1243.0 |
| ब्यावरा | 2031.9 |
| नरसिंहगढ़ | 1351.3 |
| सारंगपुर | 872.4 |
| पचोर | 978.2 |

#### सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में रिकार्ड

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक सर्वाधिक 2031 मिलीमीटर बारिश ब्यावरा तो सबसे कम 872 मिमी बारिश सारंगपुर क्षेत्र में दर्ज की गई। मौसम के जानकारों के अनुसार जिले में वर्षा का दौर अभी अनवरत रूप से जारी रहेगा।



### धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए : नागर

**ब्यावरा।** नगर के कृषि उपज मंडी स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज सुदामा प्रसंग के साथ विश्राम हुआ। भागवत वक्ता पंडित सतीश नागर ने सुदामा चरित्र सुनाया, जिसमे उन्होंने कहा कि सुख से ज्यादा जो दुख में काम आये वो सच्चा सखा और मित्र होता हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाये और व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए। महाराजश्री ने कहा कि देश और धर्म के लिए हर व्यक्ति को हमेशा तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि देश और धर्म सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। कथा के समापन पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, अमित शर्मा, मनोज अग्रवाल, राज बनकट राजू, हरिशंकर शर्मा, राजाराम शर्मा, मुकेश गुप्ता, गिरीश गुप्ता आदि शामिल हुए।

# खग्रास चंद्रग्रहण पर आज दोपहर से बंद रहेगा जालपा माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खग्रास चंद्रग्रहण के चलते नगर के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ जालपा माता मंदिर रविवार दोपहर 1 बजे से श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद रहेगा। जालपा माता मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित धमेंद्र शास्त्री ने बताया कि रविवार 7 सितंबर को दोपकर 1 बजे से मंदिर बंद रहेगा एवं सोमवार 8 सितंबर को प्रातःकाल आरती के पश्चात माता के दर्शन होंगे। उल्लेखनीय है कि जालपा माता मंदिर पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रृद्धालु अपनी मनोकामना लेकर मां के दरबार में आते हैं और दर्शन प्राप्त कर अपनी अर्जी लगाते हैं। आचार्य शास्त्री ने बताया कि चंद्रग्रहण का सूतककाल 7 सितंबर को दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा तथा स्पर्श रात्रि 9 बजकर 49 मिनट पर एवं मोक्ष रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर होगा। यह चंद्रग्रहण संपूर्ण भारतवर्ष में दिखाई देगा। शास्त्री ने बताया कि ग्रहण के वैध समय से लेकर मोक्ष पर्यंत समय तक रोगी, वृद्ध, आतुर एवं बालकों को छोड़कर अन्य किसी को अन्न-जल आदि गृहण नहीं करना चाहिए। विशेषकर ग्रहण के स्पर्श समय से मोक्ष समय के बीच में तो अनिवार्यतः इस नियम पालन करना ही चाहिए। वहीं, भोजन आदि वस्तुओं पर कुशा (डाब) रखनी चाहिए। इसके साथ ही ग्रहणकाल में साधकों, श्रृद्धालुओं को जप, तप, दान, भजन-कीर्तन एवं यथाचित साधना करना श्रेयकर रहेगा।

### वेयरहाउस में चोरी की कोशिश, वाहन जब्त

**विदिशा।** आनंदपुर में गोवर्धन वेयरहाउस से चोरों ने मसूर की बोरियां चुराने का प्रयास किया। चार चोर पिकअप वाहन से वेयरहाउस तक पहुंचे। वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पैदल वेयरहाउस में घुसे। चोरों ने वेयरहाउस का ताला तोड़कर 56 बोरी मसूर बाहर निकाली। वे इन्हें खेत में फेंककर ले जाने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस की नजर सड़क पर खड़े संदिग्ध पिकअप वाहन पर पड़ी। पुलिस को वेयरहाउस के पास चार संदिग्ध दिखे और खेतों में मसूर की बोरियां बिखरी मिलीं। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन चोर मसूर की बोरियां छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने पिकअप वाहन और मसूर की बोरियां जब्त कर लीं हैं। मसूर की कीमत लगभग 2 लाख रुपए है।

## खबर संक्षेप




### जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष चौहान ने किया कार्यभार ग्रहण

**देवास।** युवा कांग्रेस से लेकर लगातार किसने की समस्याओं से लड़ने वाले जुझारू नेता के रूप में विश्वजीत सिंह चौहान के जिले में पहचान है अभी जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं निश्चित रूप से किसानों की आवाज और जोर तरीके से उठाएंगे और किसानों को न्याय दिलाएंगे उक्त विचार पूर्व विधायक एवं इंदौर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने विश्वजीत सिंह चौहान की कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे इसी के साथ कहा कि आने वाले वर्षों के जनपद जिला पंचायत विधानसभा के चुनाव में विश्वजीत सिंह चौहान की भूमिका निश्चित रूप से काम आएगी और एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार राहुल गांधी जी के नेतृत्व में बनेगी। इसी के साथ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर, तंवर सिंह चौहान, राजेंद्र मालवीय, रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, प्रवेश अग्रवाल, पुर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कप्तान, विक्रम मुकाती, ज्ञान सिंह दरबार, जनपद अध्यक्ष मुकेश पटेल, रामेश्वर गुर्जर, पोप सिंह पवार, प्रेम पटेल, रितेश त्रिपाठी, अनिल गोस्वामी, दौलत पटेल इंदौर, विक्रम पटेल, सूरज सिंह चावड़ा साहित वक्ताओं ने विश्वजीत सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि किसान कांग्रेस को युवा अध्यक्ष मिला है निश्चित रूप से किसने की आवाज बन कर किसानों को न्याय दिलाएंगे इसकी पूर्व भी चौहान ने लैंड पुलिंग योजना का पुरजोर विरोध किया था। कर्ज माफी, खाद, बीज, बिजली जैसे अनेक मुद्दों पर किसानों के हक में लड़ाई लड़ी है।

## शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से गणपति बप्पा को दी विदाई

# पार्वती नदी के पास सर्वधर्म कुंड में किया भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा क्षेत्र में 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व का शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। सुबह से ही गणेश पांडाल में हवन पूजन कर गणपति बप्पा को विदाई दी गई। इधर दोपहर में आष्टा के पास हरार्जखेड़ी गांव में पपनास नदी में गणपति बप्पा के विसर्जन के दौरान हादसा हो गया एक बालक नदी में डूब गया। दरअसल सुबह से लेकर दिन भर गणपति बप्पा को विदाई देने का सिलसिला चलता रहा ट्रालियों के साथ-साथ छोटे-छोटे वाहनों तो कोई बाइक पर ही गणपति बप्पा को ले जाकर विदाई दी 110 से अधिक स्थानों पर इस बार गणपति बप्पा विराजे थे और सभी पांडालों में पूरे 10 दिन गणपति बप्पा की धूम रही थी। शनिवार को डीजे के साथ गणपति बप्पा को अंतिम विदाई दी गई। पार्वती नदी किनारे स्थित सर्वधर्म कुंड में सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। यहां पर पुलिस प्रशासन के व्यापक इंतजाम थे छोटे बच्चों को अंदर नहीं जाने दिया गया। सिर्फ बड़े लोगों को ही अंदर जाने की इजाजत थी। छोटी प्रतिमाओं को नाव से और बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया।

### हरार्जखेड़ी में पापनास नदी में विसर्जन के दौरान हुआ हादसा

ग्राम हरार्जखेड़ी मे बालक डूबने की सूचना शनिवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ग्राम हराजखेड़ी की पपनाश नदी मे 3 बालक 10 से 12 वर्ष के नदी के किनारे कीचड़ मे फिसल कर बह गए। मौके पर ड्यूटी मे उपस्थित ग्राम चौकीदार मानसिंह ने 2 बालको को नदी मे डूबने से बचाया जबकि बंटी पिता राजेश मालवीय उम्र 10 वर्ष डूब गया। पूर्व में चौकीदार द्वारा इन्ही बालको को नदी से भगाया गया था। ग्राम जनों द्वारा नदी मे तलाश की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही बडी संख्या में अस पास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। नदी किनारे स्थित सर्वधर्म कुंड में

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए

सर्वाधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। साथ ही काला तालाब पर भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया इस दौरान किसी भी अपनी घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी कर रखी थी और दोनों स्थानों पर पुलिस बल के साथ-साथ नगर पालिका की टीम गोताखोर के साथ तैनात रही।

## खाचरोद में नाचते-गाते भगवान गणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

10 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन क्षेत्र में उत्साह के साथ किया जा रहा था। जिसका समापन शनिवार को हो गया। श्री आदर्श मित्र मंडल के द्वारा ग्राम खाचरोद में 10 दिवसीय गणेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जितनी खुशी के साथ गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना की गई, इतनी खुशी और उल्लास के साथ बाबा का विसर्जन भी किया गया। साथ में ग्राम की सुख-समृद्धि के लिए भगवान गणपति जी से प्रार्थना की गई। भले ही वह पल भावुक करने वाला हो, लेकिन श्रद्धालु रंग, गुलाल उड़ाते, नाचते गाते बाबा का विसर्जन करते हैं। और कहते हैं अगले बरस तू जल्दी आना। विघ्नहर्ता गणेश भक्तों के सारे कष्ट हरते हैं और उन्हें जीवन में सुख समृद्धि प्रदान करते हैं।

ग्राम खाचरोद व आसपास के क्षेत्र में गणपति विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया साथ में किया। जिसमें श्रद्धालु बाबा को पालकी व झांकियां में बिठाकर रामपुरा डैम में विसर्जन के लिए पहुंचे। जहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से बाबा की पूजा-अर्चना, आरती कर रामपुरा डैम में विसर्जन किया। इसी प्रकार खामखेडा, रोलगांव, रामपुर, आंवलीखेड़ा, बड़घाटी, नानकपुर, लसूडलिया विजयसिंह, पगारिया हाट, नौगांव, छापर, कन्नौज शिवजी आदि गांव में बाबा का विसर्जन बड़े धूमधाम से किया गया।

### सड़कें हुईं जलमग्न, कॉलोनियों के साथ निचली बस्तियों के घरों में जा घुसा पानी

**देवास।** मौसम विभाग ने प्रदेश के 20 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी दी हुई है। इस बीच प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। देवास भी उससे अछूता नहीं रहा। शुक्रवार सुबह से ही मध्यम बारिश जारी रही जो दोपहर होते-होते तेज बारिश में बदल गई। दोपहर को बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ भारी बारिश हुई। तेज बारिश का दौर लगभग दो घंटे जारी रहा। जानकारी अनुसार यह सीजन की सबसे तेज बारिश मानी जा रही है। शुक्रवार को हुई लगभग 2 इंच वर्षा का होना आंका जा रहा है। दोपहर 1.30 बजे शुरू तेज बारिश अगले दो घंटे तक जारी रही। उसके बाद बारिश की रफ्तार थोड़ी थमी। देर शाम खबर लिखे जाने तक बारिश का दौर रुक रुक कर जारी रहा। मौसम विभाग ने देवास जिले में येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। भारी बारिश के अलर्ट के बाद शहर में दो घंटे जमकर बदरा बरसे। मूसलाधार बारिश के बाद सड़के जलमग्न हो गई। शहर की मां गायत्री विहार कालोनी में 30 फिट ऊंची दीवार गिर गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। लगभग दो घंटों की तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़के जलमग्न हो गई। सड़के पर तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो गई। शहर के व्यस्तम मार्ग एमजी रोड़ पर पानी भरने से यातयात प्रभावित हुआ।

## सेन थॉम एकेडमी में ओणम और ईद मिलाद-उन-नबी के साथ-साथ शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में छात्रों और शिक्षकों ने ओणम, ईद मिलाद-उन-नबी और शिक्षक दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मिलकर मनाया। यह दिन बहुत जीवंत और स्मरणीय रहा। ओणम उत्सव में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं एक मनमोहक नाटक का मंचन किया गया, जिसमें दानवीर राजा महाबली और उनके प्रतिवर्ष घर लौटने की कथा को प्रस्तुत किया गया। पूरे परिसर में उत्सव का उल्लास और सांस्कृतिक गौरव की भावना व्याप्त रही।ईद मिलाद-उन-नबी का आयोजन श्रद्धा और इबादत के साथ किया गया। छात्रों ने एक सार्थक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब की महान शिक्षाओं—दयालुता, ईमानदारी, सम्मान और क्षमा—को उजागर किया गया। ये मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।कृतज्ञता की भावना को और प्रबल करते हुए, शिक्षक दिवस का आयोजन हेड बॉय, हेड गर्ल और छात्र परिषद के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने पूरे आयोजन का उत्तरदायित्व संभाला और यह सुनिश्चित किया कि शिक्षक स्वयं को विशेष और महत्वपूर्ण अनुभव करें।

प्रबंधन ने भी इस अवसर पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, जिससे यह दिन और भी स्मरणीय बन गया।इन संयुक्त उत्सवों ने विद्यालय की एकता की भावना, विविधता के प्रति सम्मान और उन मूल्यों की सराहना को प्रतिबिंबित किया, जो परंपरा और आधुनिक जीवन दोनों को समृद्ध बनाते हैं।

## जन सुरक्षा अभियान के तहत री-केवायसी और सामाजिक सुरक्षा योजना के लगाए शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को सीहोर जिला के आष्टा ब्लॉक में दो वित्तीय समावेशन संतृति शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत किलेरामा एवं ग्राम पंचायत सेवदा में किया गया। ग्राम पंचायत शिविरों में प्रमुख रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चन्दनावेली, बैंक ऑफ़ इंडिया भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक बी आर पटनायक, बैंक ऑफ़ इंडिया एफजीएमओ भोपाल उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार, आर बी आई एलडीओ धीरज शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत अमित व्यास, क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया नर्मदापुरम राकेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया नर्मदापुरम राजकुमार सेन, सहायक महाप्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा शिवदत्त मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक रेखा तिवारी, बैंक ऑफ़ इंडिया एफजीएमओ भोपाल मुख्य प्रबंधक हिरेन तिलाला, जिला अग्रणी प्रबंधक जयदीप भट्टाचार्य एवं सरपंच किलेरामा राकेश परमार, सरपंच सेवदा संतोष उपस्थित रहे।शिविर में क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई सुश्री रेखा चन्दनावेली ने ग्राहकों को खातों में री-केवाईसी को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की अनिवार्यता बताइए उन्होंने कहा कि समय पर री केवाईसी न होने से खाता निष्क्रिय हो जाते हैं जिससे शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता एवं बैंको को बताया की री केवायसी की प्रक्रिया अपने ग्राहकों को पहचाने बिना नहीं की जा सकती है।

अनेक योजनाएं संचालित लाभ ले बैंक आफ इंडिया भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक बी आर पटनायक ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से आपका बैंक आपके द्वार आया है और बहुत ही आसान प्रक्रिया री केवाईसी कार्य संपन्न किया जा सकता है एवं सामाजिक कल्याण के अंतर्गत सुरक्षा बीमा योजनाओ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ से जन समूह को अवगत कराया आरबीआई एल डी ओ जी ने कहा कि जैसे खेती में फसल के लिए समय-समय पर खाद और पानी आवश्यक होता है वैसे ही खातों में समय पर रे केवाईसी करना जरूरी है वहीं जनपद आष्टा सीईओ जी ने भारत सरकार की इस मुहिम को सफल बनाने के लिए शासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाला जुलूस


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में सीरत कमेटी की नेतृत्व में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे मस्जिद कस्साबान पुराना बस स्टैंड से, काजी इरफान अहमद अशरफी मुख्य काजी देवास सीनियर एवं काजी नौमान अहमद अशरफी तथा काजी अब्दुल कलाम फारुकी देवास जुनियर की उपस्थिति में जश्न- ए- ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रारंभ हुआ। फातिहा खानीं के बाद जुलूस पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर जवाहर चौक, नयापुरा, नाहर दरवाजा, पठान कुआं, बड़ा बाजार से रज्जब अली मार्ग ,नयापुरा ,शालिनी रोड जनता बैंक,मदीना मस्जिद, रंगरेजान मस्जिद, अखाड़ा रोड, माली मोहल्ला खारी बावड़ी, शांतिपुरा, इस्लामपुरा, तहसील चौराहा, बजरंगपुरा, नावेल्टी चौराहा, अलंकार चोराहा, शुक्रवारिया हाट, पीठा रोड, जयप्रकाश मार्ग, तीन बत्ती चौराहा, सुभाष चौक से मस्जिद कस्साबान दोपहर 3. 30 बजे पहुंचा जहां। फातिहा खानीं के बाद लंगर का आयोजन किया गया। तबर्रुक प्रसाद में वितरण किया गया। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह राजनीतिक समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं द्वारा मंच बनाकर काजी साहबान का इस्तकबाल,स्वागत किया गया। जश्न -ए- ईद मुबारक के मौके पर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर उत्साह के साथ शांति व सद्भावना पूर्वक जुलूस निकाला।

### अनंत चतुर्दशी पर निकले चल समारोह में झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

# झिल-मिल करती निकली झांकियों को देर रात तक निहारा







हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड भगवान श्री गणेश के विसर्जन एवं अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार को श्री राम हनुमान मंदिर के द्वारा आकर्षक झांकियों का कारवां रेलवे स्टेशन मार्ग से निकला गया। झिलमिल करती झांकियों के करवा ने नगर के मुख्य मार्ग परिभ्रमण किया।

जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण भक्तों एवं नगर वासियों ने झिलमिलाती हुई झांकियों का दर्शन कर अति आनंद प्राप्त किया।पौराणिक स्वरूप को दर्शाती विभिन्न झांकियां भक्तों को आस्था और आनंद के अद्भुत भाव से सराबोर कर देती है, साथ ही नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा अल्पाहार एवं भंडारे का विशालआयोजन किया गया जिसमें बाबा बर्फानी सेवा समिति द्वारा सब्जी पूरी के भंडारे, पोरवाल सोशियल ग्रुप द्वारा साबूदाना खिचड़ी, पोरवाल पूर्णिमा ग्रुप द्वारा साबूदाना खिचड़ी का आयोजन किया गया।

धमोनिया परिवार द्वारा जल मंदिर का स्टॉल लगाया गया। साथ ही अन्य संस्थाओं द्वारा भी स्टाल लगाकर अपनी सेवाएं प्रदान की गई नगर में आस्था भक्ति एवं श्रद्धा अनूठा उदाहरण नगर में देखने को मिला हर कोई गणपति बाबा की विदाई एवं अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले झांकियां के चल समारोह को पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ निहारते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रहा था। महिदपुर नगर एवं आसपास से आए हुए हजारों ग्रामीण भक्तों ने पूर्ण उत्सव उमंग एवं उल्लास के साथ अनंत चतुर्दशी महापर्व को मनाया साथ ही महाप्रसादी एवं विशाल भंडारे का लाभ लिया उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता जैनसमाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## शिक्षक दिवस पर भैया-बहन बने आचार्य-दीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस के अवसर पर भैया बहनों ने आचार्य दीदी बनकर विद्यालय को नई दिशा दी तथा बहिन प्राची लुनिया ने प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला एवम लेखपाल पूजा दीदी द्वारा विद्यालय का वित्तीय लेखा-जोखा बताया गया। जिन भैया बहनों का शुल्क बाकी है उनको फोन भी लगाया गया। सभी आचार्य दीदी ने सभी कक्षाओं को पढ़ाया तथा कक्षा संभाली। विद्यालय में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को तिलक लगाकर तथा द्वीप प्रज्ज्वलित करके की गई एवं सभी भैया बहनों द्वारा आचार्य परिवार का स्वागत किया गया एवं उनका आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भैया बहनों द्वारा आचार्य परिवार को उपहार में पेन एवं चॉकलेट इत्यादि दिए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सांवलिया द्वारा भैया बहनों को पौराणिक कथाओं के अनुसार गुरु शिष्य परंपरा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बहिन श्रेया धनगर द्वारा किया गया। आचार्य के रूप में भैया विकास लुनिया एवं कृष्ण व्यास बने। दीदी के रूप में बहिन फुलकुवर लूनिया, दिव्या लुनिया, वंशिका सिटोला आदि बने।